Title: Regarding implementation of Jal Jeevan Mission in Kanker Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.-laid

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजक्ट जल-जीवन मिशन अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र कांकेर (छतीसगढ़) में किये जा रहे पाईप लाईन विस्तार, पानी टंकी निर्माण कार्यों में की जा रही अनियमितता की शिकायत क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों से निरंतर मिलती रही है | जल-जीवन मिशन में किये जा रहे कार्य में निर्माण एजेंसियों द्वारा उपयोग की गई सामग्री में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है | स्तरहीन सामग्री का उपयोग कर स्तरहीन कार्य किया जा रहा है | मेरे संसदीय क्षेत्र के अनेक बसावटों के ग्रामों में इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए स्थल भौगोलिक बनावट को ध्यान नहीं दिया गया है, और न ही स्वीकृत प्राक्कलन के आधार पर कार्य किया जा रहा है । मेरा संसदीय क्षेत्र जो एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ के लोगों का घर-घर जल नल का जो सपना था वह अनिममितताओ की भेंट चढ़ता जा रहा है | अतः अनुरोध है कि माननीय प्रधानमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट धरातल पर अपेक्षानुरूप हो इस हेतु सख्त से सख्त दिशा निर्देश जारी करेंगे ताकि समयावधि में हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे |